पेज थ्री देहरादून

घटना स्थल पर जांच में जुटी पुलिस।

देहरादून, बुधवार 26 फरवरी, 2020

पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### माध्यमिक तथा बेसिक शिक्षा की समीक्षा बैठक संपन्न

**(संवाददाता)** देहरादून। मंगलवार को सचिवालय सभागार में शिक्षा मंत्री अरविन्द पाण्डेय की अध्यक्षता में माध्यमिक तथा बेसिक शिक्षा की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। शिक्षा मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत शत् प्रतिशत छात्रों को स्कूल में पंजीकृत कराकर शिक्षा का लाभ दिलाये। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यालयों में अतिरिक्त अध्यापक तैनात कर छात्रों को शिक्षा अधिकार अधिनियम के मानक को पूरा करते हुए गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा विद्यालयों के मान्यता प्रकरणों को समाधान हेतु प्रत्येक माह का प्रथम बुधवार निश्चित किया जाए।

### मां को गोली मारने के बाद युवक ने खुद को भी गोली मारी, दोनों की मौत

विकासनगर। राजधनी देहरादून के पछवादून क्षेत्र से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। सहसपुर थाना क्षेत्रांतर्गत भाउवाला के बड़ोवाला गांव में एक युवक ने अपनी मां को गोली मार खुद भी गोली मारकर खुदकुशी कर ली।

### रियलमी ने पहला 5जी स्मार्टफोन लॉन्च किया

**(संवाददाता)** देहरादून। दुनिया का सबसे तेजी से विकसित होता स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने अपना पहला 5जी फ्लैगशिप फोन प्रस्तुत किया है, जो क्वालकोम स्नैपड्रैगन 865 5जी मोबाईल प्लेटफॉर्म द्वारा पॉवर्ड फ्लैगशिप मॉडल्स का पहला बैच है एवं एनएसए एसए 5जी नेटवर्क को सपोर्ट करता है। इसमें 64 मेगापिक्सल का एआई क्वाड कैमरा, 90 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट एमोलेड डिस्प्ले एवं 65 वॉट की सुपरडार्ट फ्लैश चार्जिंग है, जिसके कारण यह सबसे प्रतिस्पर्धी फ्लैगशिप उत्पाद है।

# गेहूँ के समर्थन मूल्य में 65 रूपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी

**निर्देश**

रबी–खरीद सत्र 2020–21 की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

गेहूँ का समर्थन मूल्य 1925 रूपये प्रति क्विंटल किये जाने की दी स्वीकृति

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को सचिवालय में रबी–खरीद सत्र 2020–21 की समीक्षा की। उन्होंने गेहूँ क्रय का समर्थन मूल्य 1925 रूपये प्रति क्विंटल किये जाने की स्वीकृति प्रदान करते हुए कहा कि किसानों को अधिकतम मूल्य एवं बेहतर सुविधायें उपलब्ध हो, यह हमारा प्रयास होना चाहिए। गत वर्ष प्रदेश में गेहूँ का समर्थन मूल्य 20 रूपए बोनस के साथ कुल 1860 रूपये प्रति क्विंटल था जिसमें इस वर्ष 65 रूपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि किसानों को उनकी उपज का समय पर भुगतान हो इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। गेहूं किसानों को समय पर भुगतान हेतु उन्होंने 150 करोड़ की धनराशि खाद्य विभाग को दिये जाने की भी स्वीकृति दी।

मुख्यमंत्री ने समय पर गेहूं क्रय केन्द्रों की स्थापना, सीमान्त क्षेत्रों के साथ ही कुम्भ के दृष्टिगत हरिद्वार में भण्डारण क्षमता बढ़ाये जाने की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान सभी सम्बन्धित विभागों से इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्य योजना बनाकर आपसी समन्वय से कार्य योजना बनाने को कहा। उन्होंने किसानों को समय पर भुगतान के साथ ही क्रय केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के भी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने ऑर्गेनिक गेहूँ के उत्पादन एवं इस क्षेत्र में कार्य कर रहे किसानों को भी आवश्यक सहयोग दिये जाने की बात कही। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने खाद्य विभाग, सहकारिता एवं नैफेड के माध्यम से कुल 174 क्रय केन्द्रों तथा आवश्यकतानुसार नये बोरों के क्रय किये जाने पर सहमति प्रदान की। सचिव खाद्य सुशील कुमार ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश में वर्ष 2020–21 में 3,27,000 हेक्टेयर में गेहूँ की बुआई तथा 9,60,000 मी.टन गेहूँ के उत्पादन का लक्ष्य है। वर्ड बैंक के साथ हुए समझौते के तहत पांच–पांच सौ मी.टन क्षमता के दो टेम्परेरी गोदाम धारचूला एवं हरिद्वार में स्थापित किये जाने के साथ ही ऊधम सिंह नगर व ऋषिकेश में 50 हजार मी.टन क्षमता के दो नये भण्डारण गृह बनाये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि रबी विपणन सत्र 2020–21 में 2.00 लाख मी.टन गेहूँ के संग्रहण हेतु लगभग 2.00 लाख मी.टन भण्डारण क्षमता की आवश्यकता होगी। वर्तमान में विभाग के पास विभागीय/राज्य भण्डारण निगम/केन्द्रीय भण्डारण निगम से किराये पर ली गयी कुल 191707.300 मी.टन अतिरिक्त भण्डारण क्षमता उपलब्ध है। बैठक में सचिव आर. मीनाक्षी सुदरम, आरएफसी कुमाऊ ललित मोहन श्याल, आरएफसी गढ़वाल चन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर जगदीश चंद काण्डपाल, निदेशक कृषि गौरी शंकर, एमडी यूसीएफ इरा उप्रेती, प्रबन्धक एफसीआई बीबी सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों एवं संस्थानों के अधिकारी उपस्थित थे।



रबी–खरीद सत्र की समीक्षा बैठक लेते सीएम।

### उत्तराखंड भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखंड भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत द्वारा की गई। इसके अलावा पार्टी के मोर्चो के अध्यक्ष भी घोषित कर दिए गए हैं। पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी में अध्यक्ष के अलावा दो प्रदेश महामंत्री, एक महामंत्री संगठन, आठ उपाध्यक्ष, आठ प्रदेश मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक कार्यालय सचिव और छह प्रवक्ता बनाए गए हैं। प्रदेश उपाध्यक्षों में विधायक खजान दास, पुष्कर सिंह धामी के साथ ही अनिल गोयल, कैलाश शर्मा, राजकुमारी गिरी, कुसुम कंडवाल, देवेंद्र भसीन और खिलेंद्र चौधरी के नाम शामिल हैं।

प्रदेश महामंत्री उधमसिंहनगर के राजेंद्र भंडारी और देहरादून के कुलदीप कुमार को बनाया गया है। इनके अलावा अजय कुमार को प्रदेश महामंत्री (संगठन) बनाया गया है। प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर पुनीत मित्तल की ताजपोशी की गई है। प्रदेश मंत्री बंशीधर भगत ने प्रदेश मंत्री के पद पर चमोली के बलबीर गुनियाल, बागेश्वर के पुष्कर सिंह काला, उधमसिंहनगर के आशीष गुप्ता, नैनीताल के राजेंद्र बिष्ट, देहरादून महानगर के आदित्य चौहान, देहरादून की नीरू देवी, मधु भट्ट, चंपावत की किरण देवी को जिम्मेदारी सौंपी है।

### 26 को कोच्चि करेगा 'उत्तराखंड वेलनेस समिट रोड शो' की मेजबानी

**(संवाददाता)** देहरादून। बुधवार को कोच्चि (केरल) का तटीय शहर उत्तराखंड वेलनेस समिट रोड शो की मेजबानी करेगा। यह रोड शो उत्तराखंड सरकार द्वारा वेलनेस उद्योग में निवेशकों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए वेलनेस शिखर सम्मेलन और पहल का अगला पड़ाव है। उत्तराखंड सरकार के आयुष और आयुष शिक्षा मंत्री हरक सिंह रावत को कोच्चि के मरीन ड्राइव के तट पर ताज गेटवे में होने जा रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। डॉ0 एस0 साजिकुमार, पूर्व अध्यक्ष, सीआईआई (केरल) और एल फनाई, महानिदेशक और आयुक्त उद्योग (उत्तराखंड सरकार), मनीषा पंवार, मुख्य सचिव उद्योग, उत्तराखंड सरकार के साथ अन्य सम्मानित गणमान्य प्रतिनिधि मंच साझा करेंगे।

# उत्तराखंड की ऊंची चोटियों पर फिर बर्फबारी शुरू

**मौसम**

■ पहाड़ से मैदान तक बारिश और ओलावृष्टि

देहरादून। **सवांददाता**

उत्तराखंड में मंगलवार को दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट बदल ली और तेज बारिश के साथ ही उच्च हिमालयी क्षेत्रों में फिर से हिमपात शुरू हो गया। राजधानी देहरादून समेत कुमाऊं मंडल के नैनीताल समेत कुछ इलाकों में बारिश के साथ ही ओलावृष्टि भी हुई, जिससे ठंड में और इजाफा हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 फरवरी को प्रदेशभर में भारी बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है।

प्रदेशभर में सुबह चटख धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन शाम को मौसम बदलने लगा और बादल घिर आए। कुछ जगहों पर तेज गरज के साथ झमाझम बारिश होने लगी, तो कहीं पर ओलावृष्टि ने लोगों को घरों में कैद कर दिया। मौसम विभाग के मुताबिक अभी मौसम कुछ दिन और इसी तरह बना रहेगा। फिलहाल, राहत के आसार नहीं है।

कुमाऊं मंडल की बात करें, तो बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले की घाटियों में सुबह से ही कोहरा पसरा रहा और करीब दस बजे बाद हल्की धूप निकली। कुछ देर बाद आसमान को बादलों ने ढक लिया। दोपहर बाद आसमान में बिजली कड़कने लगी और झमाझम बारिश हुई। तेज हवाएं चलने से लोग घरों और दुकानों के भीतर ठिठक गए। वहीं, कपकोट के उच्च हिमालयी क्षेत्र में बारिश के साथ हिमपात होने की सूचना है।

**इस समय ओलावृष्टि साबित हो रही है सबसे खतरनाक**

बर्फीली हवाएं चलने से ठंड और बढ़ गई है। कपकोट, गरुड़, कांडा, काफलीगैर, शामा और दुग नाकुरी तहसीलों के साथ ही पिथौरागढ़ जिले की थल तहसील के कमद, लेजम, हीपा, भैसिया उडियार, थल, सत्यालगाव, बलतिर, सेलावन, पाखू समेत कई गावों में भारी ओलावृष्टि होने से किसानों को नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि इस समय ओलावृष्टि सबसे खतरनाक साबित हो रही है। वहीं, दिन में मौसम एकाएक बदलने से शादी–विवाह के आयोजनों में भी खलल पैदा हो गया।




### रेम्पल पायलेट्स कंपनी होगी ब्लैकलिस्टेड, ग्लाइडर जब्त किए

**(संवाददाता)** देहरादून। जिला पर्यटन अधिकारी जसपाल चौहान द्वारा मालदेवता में साहसिक पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी हुई फर्म मैसर्स रेम्पल पायलेट्स द्वारा उत्तराखण्ड फूटलांच एयरोस्पोर्टस (पैराग्लाईडिंग) नियमावली का उल्लंघन (बिना अनुमति के संचालन) करने पर कम्पनी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए फर्म के ग्लाईडर को जब्त किया गया तथा उक्त फर्म को पर्यटन निदेशालय को ब्लैकलिस्टेड करने की संस्तुति की गयी। साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड पैराग्लाईडिंग नियमावली एवं उत्तराखण्ड यात्रा व्यवसाय नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने के कारण सम्बन्धित फर्म पर नियमानुसार अर्थदण्ड अध्यारोपित किये जाने की कार्यवाही भी अमल में लाई जायेगी।

### जागरूकता जरूरी

**(संवाददाता)** देहरादून। नाबार्ड, उत्तराखण्ड क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून द्वारा जलवायु परिवर्तन पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।